# हर गांव में लगेगी चौपाल, अफसर सुनेंगे शिकायतें



गांव में जल जन चौपाल लगाकर लोगों की शिकायतें सुनने के साथ पेयजल की बर्बादी रोकने को जागरूक किया गया।

**लखीमपुर, संवाददाता।** हर घर जल योजना के तहत जिले के 1127 गांवों में शुद्ध पेयजलापूर्ति जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है। इसमें 634 गांवों में ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति जा रही है वहीं अन्य में डायरेक्ट सप्लाई शुरू है। इसके बाद भी पेयजलापूर्ति न होने की लगातार मिल रही शिकायतों पर अब शासन ने हर गांव में जल जन चौपाल लगाने का निर्देश दिया गया है। इस चौपाल में जलनिगम के अधिकारियों के साथ ही कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। पेयजलापूर्ति को लेकर जो भी गांव वालों की शिकायतें हैं उन शिकायतों को सुनने के बाद तुरंत निस्तारण किया जाएगा।

जलनिगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता मनोज मौर्य ने बताया कि हर गांव में जल जन चौपाल आयोजित की जाएगी। इसकी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस जल जन चौपाल के बारे में पहले से गांव वालों को जानकारी दी जाती है। प्रधान, सदस्य, जलजांच समिति के सदस्यों को बुलाया जाता है। गांव में पेयजलापूर्ति के बारे में गांव वालों का फीडबैक, शिकायतें सुनकर निस्तारण किया जाता है। इसके अलावा गांव वालों को इस बात के लिए भी जागरूक किया जा रहा है कि पाइप लाइन से जो पेयजलापूर्ति हो रही है उसका प्रयोग फसलों, पेड़ पौधों की सिंचाई, धुलाई आदि में न करें। पीने के लिए प्रयोग करें। अगर कहीं टोटी खुली है तो उसे बंद कर दें। अधिशासी अभियंता ने बताया कि हर गांव में जन जल चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इससे गांव वालों की शिकायतें भी निस्तारित होती हैं और जो कमियां हैं उनका सुधार भी हो रहा है। चौपाल में विभाग के एई, जेई के साथ वह खुद भी शामिल हो रहे हैं। चौपालों की मानीटरिंग शासन से भी की जा रही है।